14.10 hrs.

MR. CHAIRMAN : Now we take up Matters under Rule 377.

Title: Need to open a Jawahar Navodaya Vidyalaya in Sakri tehsil of Dhule district of Maharashtra.

श्री रामदास रुपला गावीत (धुले) : महोदय, महाराट्र में मेरा संसदीय क्षेत्र धुले एक पिछड़ा एवं आदिवासी क्षेत्र है और वहां पर केन्द्र सरकार की शिक्षण संस्थाओं का अभाव है। पहले जब धुले और नंदुरबार जिला एक था, तब यहां एक जवाहर नवोदय विद्यालय अक्कलकुआँ तहसील में स्थित था, लेकिन अब नंदुरबार नया जिला बनने के बाद से वह जवाहर नवोदय विद्यालय धुले जिले से बाहर चला गया है। मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत एक साकरी विधान सभा क्षेत्र है, जो कि एक तहसील भी है और इसके आस-पास 100 गांव के लगभग हैं, जिसमें अनेक निवासी आदिवासी समाज के हैं। इन लोगों की शिक्षा के लिए यहां पर कोई जवाहर नवोदय विद्यालय नहीं है, जिसके कारण उनके बच्चों को कठिनाई होती है।

अतः मैं आपके माध्यम से मानव संसाधन विकास मंत्री महोदय से निवेदन करना चाहता हूँ कि मेरे संसदीय क्षेत्र के अंतर्गत साकरी तहसील विधान सभा क्षेत्र में एक जवाहर नवोदय विद्यालय स्थापित किये जाने के लिए उचित कार्रवाई करने का कट करें।